# SSC GD PREVIOUS YEAR PAPER- 15

# SSC GD


**Date : 24/11/2021** **Time : 9 : 00 AM – 10 : 30 AM**

## Section : Part A General Intelligence and Reasoning

1. निम्नांकित आकृतियों में एक कागज के टुकड़े को मोड़ने का क्रम और मुड़े हुए कागज को काटने की विधि दर्शाई गई हैं। यह कागज खोलने पर कैसा दिखेगा?




(a) (b) (c) (d) **(c)**




2. एक निश्चित कूट भाषा में, **'FLOAT'** को **'ROU'** लिखा जाता है, **'CLAIM'** को **'OAV'** लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'ARMED'** को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) SMI (b) DMK (c) RFC (d) TFE **(a)**

3. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**2, 5, 11, 17, ?, 31, 41**
(a) 21 (b) 25 (c) 29 (d) 23 **(d)**


4. दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।



(a) (b) (c) (d) **(a)**



5. दी गई शीट को मोड़कर एक घन बनाया जाता है। इस तरह बने घन में 'C' दर्शाने वाले फलक के विपरीत वाले फलक पर कौन सा अक्षर होगा?




(a) F (b) G (c) H (d) E **(c)**


6. एक निश्चित कूट भाषा में, **'LAYOUT'** को **'WRRVDI'** लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में, **'CHETAK'** को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) HXQBEF (b) NXWBKZ
(c) NWXKBZ (d) HQXEBF **(b)**

7. यदि **'A'** का अर्थ '+' है, **'B'** का अर्थ '–' है, **'C'** का अर्थ 'x' है, और **'D'** का अर्थ '÷' है, तो दिए गए व्यंजक का मान कितना होगा?
**36 A (15 C 4) B (21 A 13) A 24 D (16 D 2) = ?**
(a) 65 (b) 51 (c) 96 (d) 83 **(a)**


8. दो बहनों रजिनी और रानी की आयु का अनुपात 2 : 3 है। 6 वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 3 : 4 हो जाएगा। रजिनी की वर्तमान आयु कितनी है?
(a) 12 वर्ष (b) 18 वर्ष (c) 16 वर्ष (d) 14 वर्ष **(a)**

9. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**6, 22, 70, 214, ?, 1942**
(a) 280 (b) 638 (c) 646 (d) 430 **(c)**

10. उस विकल्प का चयन करें जो दी गई आकृति में सन्निहित नहीं हैं (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



(a) (b) (c) (d) **(d)**



11. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकता है?
**SRQ, PON, ?, JIH, GFE**
(a) LKM (b) MLK (c) KLM (d) MKL **(b)**

12. 'विटीकल्चर (Viticulture)' का 'अँगूर (Grapes)' से वही संबंध है, जो 'फ्लोरीकल्चर (Floriculture)' का ....... से है।
(a) फूलों (b) पौधों
(c) रेशम के कीड़े (d) फ्लोरीन **(a)**

13. एक लड़के की ओर इशारा करते हुए, रंजीता ने कहा, "वह मेरे पति के ससुर की इकलौती पुत्री के पुत्र के पिता की इकलौती बहन का पुत्र है"। उस लड़के की माँ का रंजीता के पति से क्या संबंध है?
(a) चाची/ताई/बुआ (b) माँ
(c) पुत्री (d) बहन **(d)**

14. उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस क्रम को दर्शाता है, जिस क्रम में वो अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं
**1. Acoustic 2. Academy 3. Accent 4. Accord 5. Active**
(a) 2, 3, 4, 1, 5 (b) 2, 3, 1, 4, 5
(c) 2, 3, 4, 5, 1 (d) 2, 4, 3, 1, 5 **(a)**

15. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरी संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है और छठी संख्या का पाँचवीं संख्या से है।
**7 : 113 : : 11 : ? :: 15 : 481**
(a) 388 (b) 340 (c) 265 (d) 155 **(c)**

16. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

WhatsApp JOIN NOW!

कथनः सभी चूहे, कुत्ते हैं।
कुछ चूहे, मुर्गियाँ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ चूहे, कुत्ते हैं।
II. कुछ मुर्गियाँ, चूहे हैं।
(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) ना तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों ही पालन करते हैं। **(a)**

**17. अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमबद्ध रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।**
**O _ K M _ O P K _ A O _ _ M A**
(a) P A M P O (b) P A M P K
(c) M A K A P (d) P M A P K **(b)**

**18. दिए गए पैटर्न को ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उस संख्या का चयन कीजिए जो इसमें प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 15 | 48 |
| 7 | 17 | 55 |
| 13 | 29 | ? |

(a) 78 (b) 87 (c) 79 (d) 97 **(d)**

**19. एक निश्चित कूट भाषा में, 'RAT' को '39' लिखा जाता है और 'DOG' को '26' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'YAK' को किस प्रकार लिखा जाएगा?**
(a) 43 (b) 31 (c) 37 (d) 25 **(c)**

**20. चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं और एक असंगत है। उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो असंगत हैं।**
(a) GIMU (b) DFJP (c) NPTZ (d) FHLR **(a)**

**21. P, Q, R, S, T, U और V एक दीवार पर एक पंक्ति में पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके बैठे है। R, S के ठीक बाईं ओर है। Q दोनों सिरों में से एक पर है और T उसके बगल में है। V, T और U के बीच में बैठा हुआ है। S उत्तरी सिरे से पाँचवें स्थान पर है। उन व्यक्तियों में से कौन पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है?**
(a) V (b) U (c) T (d) Q **(b)**

**22. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका तीसरे पद से वही संबंध हैं, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**
**TONGUE : PUHOFV : : MASTER : ?**
(a) BNUTSF (b) PCTHVS
(c) TBOSFU (d) SFUTBN **(a)**

**23. आठ मित्र K, L, M, N, O, P, Q और R दो वृत्ताकार मेजों के परितः बैठे हैं, जिनमें से एक छोटे आकार की आंतरिक मेज और एक बड़े आकार की बाहरी मेज है। दोनों वृत्ताकार मेजों के केंद्र समान है। प्रत्येक मेज पर चार व्यक्ति एक-दूसरे से समान दूरी पर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। M, L के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Q और N दक्षिण में बैठे हैं और वे R और L की ओर मुख करके बैठे हैं। M, समान मेज पर O के सामने बैठा है। P, बाहरी मेज पर K के सामने बैठा है। N समान मेज पर P और K के बीच में बैठा है। L समान मेज पर M और O के बीच में बैठा है। बाहरी मेज पर उत्तर दिशा में कौन बैठा है?**
(a) P (b) K (c) L (d) R **(d)**

## Section : Part-B: General Knowledge and General Awareness

**1. 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' इनमें से किस वर्ष में प्रारंभ की गई थी?**
(a) 2016 (b) 2020 (c) 2014 (d) 2018 **(a)**

**2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद .............. केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से संबंधित है।**
(a) 239 (b) 233 (c) 224 (d) 228 **(a)**

**3. जून, 2021 में, भारती उद्योग मंत्रालय ने FAME इंडिया स्कीम के फेज II के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी को बढ़ाकर ......... प्रति kWh कर दिया है।**
(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 20,000 (c) ₹ 25,000 (d) ₹ 15,000 **(d)**

**4. अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी......में स्थित है।**
(a) हरियाणा (b) दिल्ली (c) गुजरात (d) राजस्थान **(d)**

**5. जीका वायरस रोग (Zika virus disease), मुख्यतः मच्छरों की...........प्रजाति द्वारा संचारित विषाणु के कारण होता है।**
(a) क्यूलेक्स (b) एडीज
(c) हीमागोगस (d) एनाफिलीज़ **(b)**

**6. सितंबर, 2021 में, कोल इंडिया लिमिटेड ने डंपरों में डीजल के उपयोग को ........... से बदलने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना (pilot project) की शुरुआत की।**
(a) संपीडित प्राकृतिक गैस (b) एथेनॉल
(c) तरलीकृत प्राकृतिक गैस (d) हाइड्रोजन **(c)**

**7. नवंबर, 2020 में, एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक को-ऑपरेशन की मेजबानी निम्नलिखित में से किस देश ने की थी?**
(a) हांगकांग (b) जापान (c) मलेशिया (d) सिंगापुर **(c)**

**8. अवध किसान सभा की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**
(a) 1925 (b) 1920 (c) 1928 (d) 1930 **(b)**

**9. सितंबर, 2021 में, ..........ने दो पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला होने का गौरव हासिल किया।**
(a) अवनि लेखरा (b) एकता भयान
(c) दीपा मलिक (d) भाविना पटेल **(a)**

**10. भू-राजस्व की............प्रणाली के तहत, भूमि के स्वामित्व अधिकार किसानों को सौंप दिए गए थे और ब्रिटिश सरकार उनसे सीधे कर वसूल करती थी।**
(a) तालुकदार (b) रैयतवाड़ी (c) महालवाड़ी (d) मालगुजारी **(b)**

**11. निम्नलिखित में से किसे शतरंज के बोर्ड पर पीछे की ओर चलने की अनुमति नहीं है?**
(a) ऊँट (Bishop) (b) राजा (King)
(c) प्यादा (Pawn) (d) वजीर (Queen) **(c)**

**12. भारत के संविधान की किस अनुसूची में 'हिंदी' भाषा शामिल है?**
(a) दसवीं (b) चौथी (c) पांचवीं (d) आठवी **(d)**

**13. सम्राट अशोक के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?**
(a) अशोक का संबंध मौर्य वंश से था।
(b) अशोक विश्व के इतिहास में एकमात्र ऐसे राजा हैं, जिन्होंने युद्ध जीतने के बाद विजय का त्याग कर दिया था।
(c) अशोक ने जिस साम्राज्य पर शासन किया, उसकी स्थापना उसके दादा ने की थी।
(d) चाणक्य नामक एक बुद्धिमान व्यक्ति (जिसे कौटिल्य भी कहा जाता है) ने अशोक का विरोध किया था। **(d)**

**14. 'द डे आई स्टॉप्ड ड्रिंकिंग मिल्क' पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन हैं?**
(a) रोशनी नीलकनी (b) ट्विंकल खन्ना
(c) सुधा मूर्ति (d) नीता अंबानी **(c)**

WhatsApp JOIN NOW!

15. यू.एस. (US) ओपन 2020 टेनिस टूर्नामेंट में महिलाओं का एकल खिताब (Women's Singles Title) किसने जीता था?
(a) विक्टोरिया अजारेंका (b) नाओमी ओसाका
(c) मारिया शारापोवा (d) सेरेना विलियम्स (b)

16. निम्नलिखित में से कौन सा, विटामिन K का दूसरा नाम है?
(a) थियामिन (b) निकोटिनिक एसिड
(c) फाइलोक्विनोन (d) राइबोफ्लोविन (c)

17. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शिशु योजना के अंतर्गत अनुमन्य ऋण की अधिकतम राशि कितनी है?
(a) ₹ 5,00,000 (b) ₹ 50,000
(c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 1,00,000 (b)

18. 6 अप्रैल, 1919 को...........के विरुद्ध अहिंसक विरोध दिवस के रूप में मनाया गया था।
(a) रॉलेट एक्ट (b) कैबिनेट मिशन योजना
(c) मॉर्ले–मिंटो सुधार (d) साइमन कमीशन (a)

19. व्यापार सुगमता सूचकांक (Ease of Doing Business Index) 2020 में भारत का कौन-सा स्थान था?
(a) 54 (b) 67 (c) 71 (d) 63 (d)

20. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित सितारा देवी, उनके ......... के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं।
(a) मुडियेट्टु (b) ओडिसी (c) सत्रीया (d) कत्थक (d)

21. निम्नलिखित में से कौन सा, एक लौह खनिज है?
(a) मैंगनीज (b) जस्ता (c) ताँबा (d) बॉक्साइट (a)

22. 'वेडिंग एल्बम' नामक नाटक के लेखक कौन हैं?
(a) गिरीश कर्नाड (b) बादल सरकार
(c) विजय तेंदुलकर (d) महेश दत्तानी (a)

23. देव-दीपावली नामक त्योहार इनमें से किस शहर में मनाया जाता है?
(a) अयोध्या (b) वाराणसी (c) प्रयागराज (d) उज्जैन (b)

24. ......... दो-टर्मिनल वाला एक निष्क्रिय विद्युत घटक है, जो परिपथ में विद्युत प्रतिरोध उत्पन्न करता है।
(a) प्रतिरोध (b) डायोड (c) संधारित्र (d) ट्रांजिस्टर (a)

25. जवाई बाँध, जवाई नदी पर निर्मित एक जलाशय है, वह इनमें से किसकी सहायक नदी है?
(a) चंबल नदी (b) बनास नदी (c) माही नदी (d) लूनी नदी (d)

## Section : Part-D: English

1. **Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) FASTEN (b) Business (c) Plunge (d) Evolve (b)

2. **Select the most appropriate word for the given group of words.**
**An imaginary place where everything is perfect.**
(a) arcadia (b) elysium (c) utopia (d) eden (c)

3. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Natural skill at doing something**
(a) Sense (b) Passion
(c) Knack (d) Awareness (c)

4. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A person who investigates and solves crimes**
(a) Inventor (b) Explorer
(c) Detective (d) Invigilator (c)

5. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Monotonous**
(a) Varied (b) Changing
(c) Elaborate (d) Cheerful (a)

6. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Reliable**
(a) Trusted (b) Intelligent
(c) Fortunate (d) Wealthy (a)

7. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Asha has ______ the house beautifully for the party.**
(a) produced (b) planned
(c) decorated (d) improved (c)

8. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Their dog is / more better / trained than / our dog.**
(a) more better (b) trained than
(c) Their dog is (d) our dog (a)

9. **Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) Cushion (b) Costudy (c) Curtail (d) Custard (b)

10. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The protesters ______ when the police used tear gas.**
(a) waved (b) regretted
(c) assembled (d) dispersed (d)

11. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Elephant in the room**
(a) An extremely fat person sitting all alone in a room
(b) A wild untamed animal left to wander astray
(c) An obvious issue left unaddressed due to its sensitivity
(d) A pretty affair which is kept a secret (c)

12. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Ravi told / his friends / that he would / return back soon.**
(a) return back soon (b) that he would
(c) his friends (d) Ravi told (a)

13. **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**If he works harder, he got better results.**
(a) will get (b) is getting
(c) No substitution required (d) was getting (a)

14. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Persuade**
(a) Halt (b) Coax (c) Lead (d) Sway (a)

15. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The government ______ the contract for 100 low-floor buses to an automobile manufacturer.**
(a) rewarded (b) gifted (c) awarded (d) granted (c)

16. **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**
**It never <u>dawned to him</u> if he could be in danger.**
(a) dawned at him whether
(b) No improvement required
(c) dawned on him that
(d) dawned up to him that (c)

17. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Hands down**
(a) Easily and without doubt
(b) Without any weapons
(c) very weakly and slowly
(d) With sufficient strength (a)

WhatsApp JOIN NOW!

**18. Select the most appropriate SYNONYM of the given word.**
**Stray**
(a) Fickle (b) Homeless (c) Careless (d) Casual **(b)**

**19. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**
**Try harder, don't give away so easily.**
(a) No improvement required (b) give up
(c) give out (d) give back **(b)**

**20. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**We have / run out eggs; / could you buy / some more?**
(a) some more (b) could you buy
(c) run out eggs (d) we have **(c)**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

On 14th April 1912, the Titanic received warnings all the day about (1)____ icebergs. The first message was received at 9 a.m. Similar messages (2)____. Around 9 p.m., Captain Smith (3)____ with his second officer, before retiring for the night. They knew that on such a clear, moonless night it would be (4)____ difficult to spot icebergs. Why did they not change the course of the ship and take the ice-free southern route? It remains one of the (5)____ mysteries surrounding the Titanic.

**21. Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**
(a) stacking (b) floating (c) sinking (d) soaring **(b)**

**22. Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**
(a) rejected (b) followed
(c) adapted (d) influenced **(b)**

**23. Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**
(a) emigrated (b) gimmicked
(c) conferred (d) disunited **(c)**

**24. Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**
(a) dangerously (b) extremely
(c) automatically (d) obviously **(b)**

**25. Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**
(a) unsolved (b) resolved
(c) declaimed (d) dishelmed **(a)**

## Section : Part–D: Hindi

**1. नीचे दिए वाक्य में रिक्त-स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**मुर्गा सुबह-सुबह ........ देता है।**
(a) बाँग (b) कूकड़ूं (c) दहाड़ (d) टर्र **(a)**

**2. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।**
(a) षष्ट (b) शष्ट (c) शष्ठ (d) षष्ठ **(d)**

**3. दिये गये वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**अगामी सोमवार से परीक्षा शुरू होगी।**
(a) सोमवार से (b) परीक्षा (c) अगामी (d) शुरू होगी। **(c)**

**4. दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**मैं दो घंटे से आपकी प्रतीक्षा देख रहा हूं।**
(a) कर रहा हूँ। (b) सुन रहा हूँ।
(c) गुन रहा हूँ। (d) खा रहा हूँ। **(a)**

**5. 'जो केंद्र की ओर उन्मुख होता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**
(a) विकेन्द्रीय (b) केन्द्रापसारी
(c) केन्द्रीय (d) केन्द्राभिसारी **(d)**

**6. 'संकीर्ण' का विलोम शब्द होगा-**
(a) उत्तीर्ण (b) प्रकीर्ण (c) संकुचित (d) विस्तीर्ण **(d)**

**7. दिये गये वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**इस प्रकरण में उसके साथ उचित न्याय किया जाएगा।**
(a) उचित न्याय (b) उसके साथ
(c) किया जाएगा। (d) इस प्रकरण में **(a)**

**8. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।**
**मैं निश्चय रूप से नहीं कह सकता कि वह कब आएगा।**
(a) निश्चित रूप में नहीं कह सकता।
(b) निश्चय स्वरूप से नहीं कह सकता।
(c) निश्चित रूप से नहीं कह सकता।
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है। **(c)**

**9. 'इतिहास का जानकार' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**
(a) इतिहासज्ञ (b) प्रागैतिहासिक
(c) पुरातात्विक (d) ऐतिहासिक **(a)**

**10. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।**
(a) परस्परीक (b) परस्परिक (c) पारस्परिक (d) पारस्परीक **(c)**

**11. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।**
**अपने परिवार की गरिमा का ध्यान रखना।**
(a) गरिमां का ध्यान रखना।
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) गरीमां का ध्यान रखना। (d) गरीमा का ध्यान रखना **(b)**

**12. 'रिक्त' का विलोम शब्द होगा-**
(a) अपूर्ण (b) पूर्ण (c) अधूरा (d) अतिरिक्त **(b)**

**13. 'मनोरथ' किसका पर्यायवाची है?**
(a) वासना (b) लालच (c) लक्ष्य (d) कामना **(d)**

**14. 'पौ बारह होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**
(a) बहुत नुकसान होना (b) घमंड करना
(c) खूब लाभ होना (d) आश्चर्यचकित होना **(c)**

**15. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।**
**सोना**
(a) हिरण्य (b) कलत्र (c) ललाम (d) रत्नाकर **(a)**

**16. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिये।**
**मृग जैसी आँखों वाली स्त्री**
(a) हिरनचक्षु (b) मृगमुखी (c) मृगया (d) मृगनयनी **(d)**

**17. खूब लड़ी मर्दानी वो तो ........... थी।**
**रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
(a) अहल्या (b) झाँसी वाली रानी
(c) अनसूया (d) रानी पद्मावती **(b)**

**18. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**मनोरंजन भी जीवन के लिए उतना ही.........है, जितना अध्ययन।**
(a) अनावश्यक (b) आवश्यक (c) प्रतिबंधित (d) शानदार **(b)**

**19. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**वैसा ही (1)/ उच्चारण हमें हिन्दी (2)/ में भी करनी चाहिए (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)**
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 1 **(b)**

WhatsApp
JOIN NOW!

**20. 'हवा से बातें करना' मुहावरे का अर्थ बताइए।**

(a) ऊँचा उड़ना (b) पक्षियों की भाषा समझना

(c) अकेले रहना (d) तेज गति से चलना **(d)**

**Comprehension:**

जैसे ज्ञान का संशोधन और परिष्कार विज्ञान के (1)...... द्वारा होता है, उसी प्रकार मनुष्य के स्वभाव का (2) ....... कलाओं के द्वारा किया जाता है। केवल ज्ञान की उन्नति और परिष्कार को अपना ध्येय बना लेने के कारण मनुष्य की (3) ...... शक्तियाँ बढ़ तो बहुत गयी हैं, लेकिन कलाओं की (4)..... कर देने से हमें उनकी केवल दाहकता ही नसीब हो रही है। कलाहीनता मनुष्य को जड़ बना देती है और सचमुच ही आज का मनुष्य चारों ओर से अपनी ही (5) ....... का शिकार हो रहा है।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**21. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**

(a) यंत्रों (b) उद्योगों (c) प्रयोगों (d) उपकरणों **(c)**

**22. गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**

(a) ह्रास (b) उत्थान (c) विकास (d) परिष्कार **(d)**

**23. गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**

(a) मानसिक (b) सामाजिक (c) शारीरिक (d) आर्थिक **(a)**

**24. गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**

(a) उपेक्षा (b) अपेक्षा (c) तुलना (d) प्रशंसा **(a)**

**25. गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**

(a) जड़ता (b) शिथिलता (c) सक्रियता (d) निष्क्रियता **(a)**

## उत्तरमाला ( व्याख्या सहित )


## Part I - General Intelligence and Reasoning

1. (c) दिये गए कागज के टुकड़े को मोड़ने और मुड़े हुए कागज को काटने के बाद यदि उसे खोला जाये तो यह उत्तर आकृति (c) के समान दिखाई देगी।

2. (a) जिस प्रकार– F L O A T :: C L A I M → R O U :: O A V

उसी प्रकार– A R M E D → S M I

3. (d) 2, 5, 11, 17, 23, 31, 41



4. (a) दी गई आकृति श्रृंखला में अगले स्थान पर उत्तर आकृति (a) आयेगी। आकृतियों को 90° Anticlockwise घुमाकर अगली आकृति निकाली गई है।

5. (c)




E = G
H = C
F = D

अत: C के विपरीत H है।

6. (b) जिस प्रकार– L A Y O U T : W R R V D I

उसी प्रकार– C H E T A K : N X W B K Z



7. (a) 36 A (15 C 4) B (21 A 13) A 24 D (16 D 2)

चिह्न परिवर्तन के बाद समीकरण

36 + (15 × 4) – (21 + 13) + 24 ÷ (16 ÷ 2)


36 + 60 – 34 + 24 ÷ 8 ⇒ 36 + 60 – 34 + 3

99 – 34 = 65

9. (c) 6, 22, 70, 214, 646, 1942 (×3+4)


10. (d) उत्तर आकृति (d) प्रश्न आकृति में निहित नहीं है क्योंकि आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है।

11. (b) S R Q, P O N, M L K, J I H, G F E



12. (a) जिस प्रकार विटीकल्चर के अन्तर्गत अँगूर उत्पादन संबंधित जानकारी होती है, उसी प्रकार फ्लोरीकल्चर में फूलों संबंधित जानकारी होती है।

13. (d)




उस लड़के की माँ, रंजीता के पति की बहन लगी।

14. (a) (1) A coustic (5)

(2) A cademy (1)

(3) A ccent (2)

(4) A ccord (3)

(5) A ctive (4)

अत: सही क्रम 23415 होगा।

15. (c) जिस प्रकार– 7 : 113

7 × (7 × 2 + 2) + 1 = 113


15 : 481

15 × (15 × 2 + 2 ) + 1 = 481

इसी प्रकार– 11 : ?

11 × (11 × 2 + 2) + 1 = 265

16. (a)




आरेख अनुसार निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

17. (b) OPKMA/OPKMA/OPKMA

अत: रिक्त स्थान पर PAMPK आयेगा।

18. (d) 6, 15, 48 (×3–3, ×3+3)

7, 17, 55 (×3–4, ×3+4)

13, 29, 97 (×3–10, ×3+10)

19. (c) जिस प्रकार–

RAT = 39 :: DOG = 26

18 + 1 + 20 ; 4 + 15 + 7

इसी प्रकार– YAK : ?

25 + 1 + 11 = 37

WhatsApp
JOIN NOW!

20. (a) (a) G I M U (+2, +4, +8)    (b) D F J P (+2, +4, +6)

(c) N P T Z (+2, +4, +6)    (d) F H L R (+2, +4, +6)

21. (b) जानकारी अनुसार व्यवस्था–

Q
T
V
U
S
R
P

अतः ठीक मध्य में U बैठा है।


22. (a) जिस प्रकार– T O N G U E

P U H O F V

इसी प्रकार– M A S T E R

B N U T S F

23. (d) जानकारी अनुसार व्यवस्था–



अतः बाहरी मेज पर उत्तर दिशा की ओर R बैठा है।

## Section : Part-B: General Knowledge and General Awareness

1. "स्वच्छ ईंधन बेहतर जीवन" के नारे के साथ केन्द्र सरकार 1 मई, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण योजना "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" की शुरूआत की गई।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239 के अंतर्गत संघ शासित क्षेत्रों का प्रशासन राष्ट्रपति द्वारा चलाया जाएगा या फिर राष्ट्रपति चाहे तो किसी भी निकटतम राज्य के राज्यपाल को प्रशासक नियुक्त कर सकता है। राज्यपाल अपनी मंत्रीपरिषद् की सलाह के बिना संघ शासित क्षेत्र का प्रशासन चलाएगा।
3. भारतीय उद्योग मंत्रालय ने FAMI इंडिया स्कीम के फेज - II के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी को जून, 2021 में बढ़ाकर ₹15000 प्रति kwh कर दिया है।
4. अरावली का सर्वोच्च्य पर्वत शिखर राजस्थान के सिरोही जिले में गुरूशिखर (1722/1724 मीटर) है, जो मांउट आबू सिरोही में है।
5. जीका वायरस रोग (Zika Virus Disease) मुख्यतः मच्छरों की "एडीज" प्रजाति द्वारा संचालित विषाणु के कारण होता है। इसकी पुष्टि रक्त या मूत्र परीक्षण से की जाती है।
6. कोल इंडिया लिमिटेड में डंपरो में डीजल के उपयोग को तरलीकृत प्राकृतिक गैस से बदलने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना (Pilot Project)की शुरूआत की।
7. एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक को–ऑपेरशन (APEC) 2020 इकॉनोमी लीडर्स की बैठक मलेशियाई प्रधानमंत्री 'मुहीदीन यासिन' की अध्यक्षता में आयोजित की गई। APEC समिट 2021 की मेजबानी न्यूजीलैंड ने की।
8. अवध किसान सभा का गठन 17 अक्टूबर, 1920 ई. को किया गया था। अवध के किसान नेताओं ने बाबा रामचन्द्र के नेतृत्व में 1920 में "उत्तर प्रदेश किसान सभा" से नाता तोड़कर अवध किसान सभा का गठन कर लिया।
9. अवनि लेखरा एक भारतीय पैरालिपियन और राइफल शूटर हैं तथा सितंबर, 2021 में अवनि ने दो पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला होने का गौरव हासिल किया।
10. भू–राजस्व की 'रैयतवाड़ी प्रणाली' के तहत, भूमि के स्वामित्व अधिकार किसानों को सौंप दिए गये थे और ब्रिटिश सरकार उनमें सीधे कर वसूल करती थी। रैयतवाड़ी कर व्यवस्था को पहली बार 1792 ई. में मद्रास के "बारामहल" जिले में लागू किया गया था।
11. शतरंज के बोर्ड पर पीछे की तरफ चलने की अनुमति राजा, वजीर ऊँट और घोड़ा की हैं। लेकिन प्यादा को अनुमति नहीं प्राप्त है।
12. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत की भाषाओं से संबधित है, इस अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है। जिससे हिंदी भाषा भी शामिल है।
13. चाणक्य (कौटिल्य) मौर्य काल में चन्द्रगुप्त के समय महाअमात्य (प्रधानमंत्री) के पद पर विद्यमान थे।
14. "द डे आई स्टॉप्ड ड्रिकिंग मिल्क" पुस्तक के लेखक सुधा मूर्ति हैं और वह इंफोसिस फांउडेशन की अध्यक्ष हैं। सुधा मूर्ति को 2006 में पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
15. यू.एस. (US) ओपन 2020 टेनिस टूर्नामेंट में महिलाओं का एकल खिताब जापानी पेशेवर टेनिस खिलाड़ी "नाओमी ओसाका" ने जीता था। ओसाका को महिला टेनिस संघ द्वारा नबर 1 स्थान दिया गया है।
16. विटामिन $K_1$ मुख्य रूप से हरी सब्जियों से मिलता है और इसे फाइलोक्विनोन के नाम से भी जाना जाता है।
17. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत हमारा बैंक ग्रामीण, शहरी और महानगरीय क्षेत्रों में विनिर्माण, व्यापार एवं सेवा क्षेत्र के व्यवसाय में लगे सूक्ष्म उद्योगों के लिए वित्त प्रदान करता है।
शिशु योजना में ₹50,000 तक की ऋण राशि इस संवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत की जाती है।
18. आम जनता पर सत्ता पर अपनी पकड़ बढ़ाने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा रॉलेट एक्ट 6 अप्रैल, 1919 को पारित किया गया था।
19. व्यापार सुगमता सूचकांक में 190 देशों के बीच भारत की रैंकिग वर्ष 2020 में 63 देखी गई है। EODB की गणना 10 मानकों पर की जाती है।
20. 1975 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सितारा देवी भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना थी।
21. मैंगनीज एक लौह खनिज है, इसका निष्कर्षण मुख्यतः पाइरोलुसाइट नामक अयस्क से किया जाता है। यह पौटेशियम परमैंगनेट ($Km_nO_4$) एक बैंगनी रंग का क्रिस्टलीय ठोस है।
22. "वेडिंग एल्बम" नामक नाटक के लेखक माथेरान महाराष्ट्र के गिरिश कर्नाड है, 1998 में उन्हें ज्ञानपीठ सहित पद्मश्री व पद्मभूषण जैस कई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
23. देव दीपावली त्योहार वाराणसी, उत्तर प्रदेश में कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाला त्योहार है, देव दीपावली उत्सव के दिन दीप जलाने की परंपरा पहली बार 1985 में पंचगंगा घाट पर शुरू हुई थी।
24. प्रतिरोध दो–टर्मिनल वाला एक निष्क्रिय विद्युत घटक है, जो परिपथ में विद्युत प्रतिरोध उत्पन्न करता है।
25. जवाई बाँध, जवाई नदी पर निर्मित एक जलाशय है, वह लूनी नदी की सहायक नदी है तथा लूनी नदी का उद्गम अजमेर के नाग पहाड़ी से होता है। इस पर प्रमुख बाँध जसवंत सागर (पिचियांक बाँध) बाँध है।

❑❑❑

WhatsApp    JOIN NOW!


India GK PDF Free
For :- SSC GD
Free डाउनलोड PDF


SSC GD कांस्टेबल
Mostly 150+ Questions
Free डाउनलोड PDF


SSC
SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
पुराने पेपर
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC
SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
भारत के प्रमुख पठार
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC
SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
विज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रश्न
क्लिक करें


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी मुहावरे PDF
डाउनलोड
Free PDF Link


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी पर्यायवाची PDF
परिक्षा हेतु उपयोगी
Free PDF Link


GK/GS GK PDF
मिक्स GK मॉडल पेपर
SSC GD कांस्टेबल
Free PDF Link

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें 👇
Google
rajasthanclasses.in

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें